हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 29 जनवरी 2024

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 देख तिरंगा जग कहे, भारत जिंदाबाद ....



07 आशा कार्यकर्ताओं ने जानी गैर संचारी रोगों ...



## खबर संक्षेप

### डॉ. गोपी रंजन साक्षी स्मृति आयोजन 30 को

**सागर।** मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन इकाई सागर द्वारा साहित्यकार डॉ.गोपीरंजन साक्षी स्मृति आयोजन एवं सम्मान समारोह 30 जनवरी मंगलवार को दोपहर 2.00 बजे से पं.ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी इंस्टीट्यूट सिविल लाइंस में किया जाएगा। इस अवसर पर नगर के मशहूर शायर नईम माहिर को स्व. गोपीरंजन साक्षी स्मृति श्प्रखर प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। आयोजक संस्था के अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी ने सभी प्रबुद्धजनों से इस आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।

### अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर एक पोकलेन सहित तीन डंपर जब्त

**सागर।** कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देश पर अवैध उत्खनन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी परिपेक्ष्य में आज एसडीएम बीना देवेंद्र प्रताप सिंह, एसडीओपी पुलिस बीना प्रशांत समान सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा तहसील बीना के ग्राम बेलई में अवैध उत्खनन करते हुए पाये जाने पर एक पोकलेन एवं तीन डंपर मौक़े से ज़ब्त किए गये।

### एकता समिति ने स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया

**सागर।** भगवानगंज स्थित श्री श्री ज्ञान मंदिर स्कूल बच्चों के एकता समिति ने गणतंत्र दिवस मनाया। सदस्यों ने शप छोटे-छोटे बच्चों को बिस्किट एवं चॉकलेट एवं तिरंगा झंडा का वितरण किया। समिति की ओर से बच्चों का भोजन पकाने के लिए इलेक्ट्रिक राइस कुकर भेंट किया। कार्यक्रम का प्रारंभ वीर शहीदों एवं महापुरुषों के चित्र के समक्ष छोटे-छोटे बच्चों ने दीप प्रज्वलन किया । राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कमलचंद जैन ने गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डाला । राजेंद्र सोनी मामा ने देश भक्ति गीत मधुर आवाज में गाएं। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राजकुमार पढ़ेले, संजय शास्त्री, सुधीर जैन, शरद गुप्ता, चंपक भाई जैन, प्रदीप समैया, प्रमोद पटेल, विनीत जैन ताले वाले एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित था।

### आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा

**सागर।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नहीं करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगो को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार होता है। आयुष्मान कार्ड से वे निजी अस्पताल में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते है। राज्य शासन ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना चलाकर अनेक जरूरतमंद लोगो की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार सबित हुई है।

### संतान पालन अवकाश के लिए प्रावधान

**सागर।** मध्यप्रदेश सिविल सेवा अवकाश नियम 1977 में संशोधन करते हुये संतान पालन अवकाश जोड़ा गया है। अवकाश नियम 38 के तहत महिला शासकीय सेवकों को संतान देखभाल अवकाश की स्वीकृति सामान्य रूप से परिवीक्षा कालावधि के दौरान स्वीकृत नहीं किया जायेगा तथापि, विशेष परिस्थितियों में, यदि परिवीक्षा कालावधि के दौरान अवकाश स्वीकृत किया जाता है तो परिवीक्षा की अवधि स्वीकृत अवकाश की उस कालावधि के बराबर अवधि तक के लिए बढ़ा दी जाएगी, जिसके लिए अवकाश स्वीकृत किया गया है।

---

सिंचाई के लिए पाइपलाइन डाले जाने का काम 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है

# जून माह से उल्दन बांध में जलभराव होगा, दिसंबर तक मालथौन ब्लॉक के हर घर नल से जल मिलेगाः भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

उल्दन धसान नदी परियोजना बांध में इस वर्ष जून से जलभराव शुरू कर दिया जाएगा और दिसंबर, 2024 तक बांध का पानी ट्रीटमेंट होकर मालथौन ब्लाक में 'हर घर नल से जल' के तहत सभी घरों में पहुंचना शुरू हो जाएगा। यह जानकारी पूर्व मंत्री व खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मालथौन नगरपरिषद सभाकक्ष में आयोजित अनुविभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। न्होंने इस अवसर पर 1.12 करोड़ की हितलाभ राशि का वितरण भी किया।



पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आज दो समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं। अनुविभाग के तहत समस्त विभागीय अधिकारियों ने क्षेत्र में चल रहे संबंधित विकास कार्यों की जानकारी रखी। 1 फरवरी को आयोजित बरोदिया कलां गौरव दिवस और 5 फरवरी को आयोजित बांदरी गौरव दिवस की भव्य और व्यवस्थित तैयारियां की जाएं। सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी का समुचित प्रबंध करें। इन महोत्सवों में किसी भी नागरिक को असुविधा न हो और कार्यक्रम जनसुविधाओं के साथ व्यवस्थित रूप से हों इसका ध्यान रखा जाए। पूर्व मंत्री सिंह ने जलसंसाधन विभाग व मप्र जल निगम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार बताया कि इस वर्ष के वर्षाजल से बंडा उद्वहन सिंचाई परियोजना के उल्दन बांध में 451 के क्रस्ट लेबल तक जलभराव किया जाएगा। आवागमन की दृष्टि से पुल न डूबे इसका एहतियात रखा जाएगा। सिंचाई के लिए पाइपलाइन डाले जाने का काम 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है। जलजीवन मिशन के तहत घरों तक नल से कनेक्शन करने का काम 412 ग्रामों में हो रहा है, 5000 कनेक्शन किए जा चुके हैं। 52 ओवरहेड टैंकों में से 18 बन चुके हैं,12 की डिजाइन एप्रूव होकर उन पर काम शुरू है। यह सभी कार्य पूर्ण होकर दिसंबर, 2024 में घरों में नलों से पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि नगर परिषद मालथौन के सभी पार्षद व एल्डरमैन की अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक ली जिसमें सभी पार्षदों से विकास कार्यों व जनसुविधाओं पर सुझाव लिए गए। बैठक में सीएमओ संजय समुद्रे व तहसीलदार प्रेम नारायण सिंह को निर्देश दिए कि नगर परिषद क्षेत्र में रोड किनारे कमर्शियल जगहों पर किए गए पक्के अतिक्रमण पर सख्ती से कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि ऐसी जगहों के पट्टे नहीं दिए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर परिषद ऐसी जगहों पर दूकानों का निर्माण कर लागत मूल्य पर दूकानदारों को उपलब्ध कराएं। रिक्त पड़ी दूकानों का किराया कम कर उनकी राशि जमा कराते हुए एक माह के भीतर दूकानों का आवंटन कर दें। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि पहले अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को अप्रैल के पहले पूरा करें ।

# नववर्ष का पहला मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम ग्वाली मुहाल, कृष्णगंज वार्ड में हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शहर सेवादल द्वारा किये जाने वाले मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम जो कि विभिन्न स्थानों पर माह के अंतिम रविवार को अनवरत होता आ रहा है। जिसे जनवरी माह के इस अंतिम रविवार को अखाड़े के नजदीक, ग्वाली मुहाल, कृष्णगंज वार्ड में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य आतिथ्य के रूप में जिला शहर कांग्रेस कमेटी के ब्लाक अध्यक्ष प्रेमनारायण विश्वकर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने सेवादल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं गौरवान्वित हूं कि सेवादल ने मुझे यह अवसर प्रदान कर देश हित में कुछ करने का मौका प्रदान किया, उन्होंने स्थानीय वार्ड में प्रशासन द्वारा ध्वज पोस्ट हटाने का और वार्ड में व्याप्त अनियमिताओं को लेकर आगे संघर्ष करने के लिये सभी को तैयार रहने के लिये भी प्रेरित किया।



वरिष्ठ कांग्रेसी शरद पुरोहित ने वर्तमान परिदृश्य पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि सत्ताधारी सांप्रदायिक मुद्दों पर जनता को बहकायें है जबकि मंहगाई, बेरोजगारी और महिला उत्पीडन पर सरकार मौन है, हम सभी को आवश्यकता है कि जन साधारण को जागरूक करें और लोकसभा चुनाव में इन ताकतों को सबक सिखायें।

कार्यक्रम के आयोजक शहर कांग्रेस सेवादल परिवार अध्यक्ष सिंटू कटारे और कार्यक्रम का संचालन द्वारका चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम पश्चात सेवादल के पूर्व प्रदेश संगठक सत्येन्द्र यादव के पिताजी स्व.ओंकार सिंह यादव और गोपाल गंज निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी राजकुमार पलयाके निधन पर सभी ने मौन रखकर श्रृद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुरूषोत्तम मुन्ना चौबे, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव, रमाकांत यादव, सुरेंद्र चौबे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष महजबीन अली, राजिया खान, योगराज कोरी, समीर खान, सुल्तान कुरैशी, आशीष ज्योतिषी, पार्षद रिचा सिंह, ताहिर खान, रोशनी वसीम खान, शैलेन्द्र तोमर, गोपीलाल यादव, कल्लू पटेल, आनंद हेला, प्रीतम यादव, लल्ला यादव, अंकुर यादव, आदिल राईन, उमेश यादव, रिषभ जैन, रमाशंकर सेन, विवेक यादव, जुगल किशोर यादव, संजय रैकवार, हेमराज कोरी, प्रकाश यादव, श्याम, नीरज चौरसिया, चन्द्र भान आदि सेवादल परिवार जन उपस्थित रहे।



### द जैनिथ कॉन्वेंट हाई स्कूल गौरझामर में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की रही धूम

**गौरझामर।** द जैनिथ कॉन्वेंट हाई स्कूल गौरझामर में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की रही धूम विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से सब का मन मोह लिया। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राम आएंगे,कीजो केसरी के लाल गणेश वंदना, हर हर शंभू, वंदे भारती, जय जवान जय किसान, के साथ-साथ राजस्थानी पंजाबी हरियाणवी लोक नृत्य, भाषण, गीत कविता ने बांधा समां। मुख्य अतिथि सुनील कुमार सोनी ने ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय संचालक देवेंद्र नामदेव ने आभार अभिवादन किया।

# पशुपतिनाथ मंदिर कमेटी ने किया विधायक शैलेंद्र कुमार जैन का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने पशुपति नाथ मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ एवं राम दरबार के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर कमेटी ने विधायक जैन का सम्मान किया । इस अवसर पर विधायक जैन ने कहा कि आज बड़ा पावन पुनीत अवसर है जब भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात हम सभी एक मिलन समारोह के रूप में यहां उपस्थित हैं । यह कमेटी बहुत अच्छा कार्य कर रही है और सदकार्यों में मेरा सदैव सहयोग रहा है। इस अवसर पर रमेश चौरसिया, पार्षद धर्मेंद्र खटीक, हेमंत यादव विनय मिश्रा, पंडित शिव प्रसाद तिवारी, उदय खेर, के सी व्यास, अखलेश शर्मा, आर के भट्ट, राघवेंद्र राजपूत, सुजीत सिंह ठाकुर, आर पी श्रीवास्तव उपस्थित थे।





### नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने किया ध्वजारोहण मेघावी छात्र-छत्राओं को वितरित किए पुरस्कार

**रहली।** 75वां गणतंत्र दिवस समारोह रहली सहित ग्रामीण क्षेत्रो में धूम धाम से मनाया गया। नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने सर्वप्रथम केप्टिन श्रीकांत पोतदार पार्क में पुष्प चक्र अर्पित करते हुए झंडा वादन किया। इसके बाद जय स्तंभ, और नगरपालिका कार्यालय में ध्वजारोहण किया। तथा सभी नगरवासियों को शुभकामनाये प्रेषित की। इस अवसर पर नगर के मेघावी छात्र छत्राओ तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले नपा कर्मचारियों को प्रससि्त पत्र देते हुए सम्मानित किया। विदित हो कि हाल ही में प्रधानमंत्री आवास योजना में रहली नगरपालिका को अवार्ड प्राप्त हुआ है।कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी बालकिशुन पटेल, इंजीनियर एसआर साहू, सहित समस्त पार्षद गण, कर्मचारी गण, बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य जन, एवं राज्य स्तर तक हमारे नगर का नाम गौरवान्वित करने वाले स्कूल एवं कॉलेज के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। वहीं हाई स्कूल ग्राउंड में जनपद अध्यक्ष रशिम कपस्या ने झंडा वादन किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। गणतंत्र दिवस पर सभी शासकीय अशासकीय संस्थाओं में संस्था प्रमुख द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। सीएम राइज में प्राचार्य विजय पचौरी, बीईओ कार्यालय में इंदुनाथ तिवारी, बीआरसी में आरडी अहिरवार, कन्या स्कूल में अरुणा शास्त्री, माध्यमिक स्कूल में अशोक ठाकुर, पीएम श्री में क्रस्टिना कीर्तिबाला, सहकारी बैंक में मनीष जैन, प्रतिष्ठा स्कूल में डॉ मंनोज जैनने ध्वजारोहण किया।

## नवदिवसीय श्रीराम कथा का 501 दीपक जलाकर व हवन और भंडारे के साथ किया गया समापन

**सागर।** मां भाग्यवती संस्कार जागृति कला संस्थान एवं समस्त वार्ड वासियों के तत्वाधान में संस्कार केंद्र भवन बरियापुरा संत कबीर वार्ड के प्रांगण में अयोध्या में श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर जनहितार्थ नवदिवसीय श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया गया। कथा व्यास पंडित शैलेंद्र मारुति जी ने कथा के अंतिम दिन कहा की श्री राम जी अयोध्या में विराजमान हो चुके है इसकी खुशी हिंदुओं को ही नहीं अन्य लोगों को भी हुई है बस केवल हम सभी को धर्म के रास्ते पर ही चलना होगा जो धर्म पर चलता है उसकी जीत हमेशा होती है। जो अधर्म पर चलता है उसको हार का सामना करना ही पड़ता है। कथा का समापन पोथी पूजन 501 दीपक जलाकर हवन भंडारे के साथ हुआ । इस अवसर पर हरिकिशन शाक्य, कमला देवी, यशवंत, लक्ष्मी बाई, वार्ड पार्षद धर्मेंद्र खटीक, डॉ रजनीश विश्वकर्मा, बसंत महाराज, द्वारका सकवार, राजकुमार आदि सभी वार्ड वासियों ने सहयोग प्रदान किया ।

## रहली जबलपुर मार्ग पर सड़क हादसा, दो युवकों की मौत

**रहली।** शनिवार देर रात रहली जबलपुर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हो जाने से कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। दर्दनाक हादसे में कार सवार दो युवक वरुण सोनी और गौरव शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गई। रहली पुलिस ने मर्ग पंजीवध कर शव परिजनों को सौप दिये । पुलिस हादसे की जांच में जुट गई है।

स्कूलों में बच्चों ने दी रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

# गणतंत्र की 75वीं स्थापना पर आन बान शान से फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर देवरी विकासखण्ड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शासकीय भवनों एवं संस्था कार्यालय सहित सार्वजनिक स्थल पर पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। शासकीय एवं निजी विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा आकर्षक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय किला मैदान परिसर में किया गया जिसमें जनपद अध्यक्ष श्रीमति अनीता पटैरिया द्वारा ध्वाजारोहण कर मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया गया। 75 वे गणतंत्र दिवस की सुबह के साथ ही देवरी नगर में पूरा परिवेश देश भक्ति के तराने से गूंज उठा शासकीय कार्यालयों एवं नगर के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों को लेकर सड़कों पर भीड़ का जमावड़ा रहा है। नगरपालिका परिसर में ध्वाजारोहण नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति नेहा अलकेश जैन द्वारा किया गया इस अवसर पर नगर पालिका पार्षद, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कृषि उपज मण्डी परिसर में राष्ट्रीय ध्वज भारसाधक अधिकारी एसडीएम गगन बिसेन द्वारा फहराया गया इस अवसर पर मंडी कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित थे। जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद अध्यक्षा श्रीमति अनीता पटैरिया द्वारा तिरंगा फहराया गया जनपद उपाध्यक्ष, सदस्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित समस्त जनपद सदस्य एवं स्टाफ उपस्थित था। पुलिस थाना देवरी में ध्वाजरोहण नगर निरीक्षक रोहित डोंगरे ने किया, तहसील प्रांगण में ध्वजारोहण एस.डी.एम. गगन बिसेन ने किया शासकीय नेहरू महाविद्यालय में ध्वाजारोहण प्राचार्य ओपी दुबे ने किया। देवरी नगर के बी.के.पी. कालेज में ध्वाजारोहण प्राचार्य डॉ. अवनीश मिश्रा द्वारा ध्वाजारोहण किया गया।



### ब्लॉक कांग्रेस ने शिक्षा सदन तिराहे पर फहाराया तिरंगा

देश के 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवरी द्वारा प्रति वर्षानुसार नगर के शिक्षा सदन तिराहे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। एवं क्षेत्रवासियों को देश के संविधान एवं महान गणतंत्र लागू होने की शुभकामनाऐं दी गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक हर्ष यादव सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिकउपस्थित थे।गणतंत्र दिवस की बेला में सुबह 8.15 आयोजित इस कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष बाबा राजौरिया द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। राष्ट्र गान के उपरांत कांग्रेस नगर अध्यक्ष गौरव पाड़े द्वारा पार्टी द्वारा संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक हर्ष यादव ने क्षेत्रवासियों को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की शुभकामनाऐं दी। उन्होने कहा कि आज का दिन देश के लिए अहम दिन है आज ही विश्व के सबसे लोकतंत्र का महान संविधान लागू हुआ था। जो इस देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार एवं आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करता है। यह देश के महान स्वाधीनता सेनानियों के बलिदान आजीवन तप का प्रतिफल है जो हमें आजादी के रूप में प्राप्त हुआ है।



### गणतंत्र दिवस समारोह में लेखिका शरद सिंह साहित्य सेवा के लिए सम्मानित

**सागर।** वरिष्ठ लेखिका डॉ.(सुश्री) शरद सिंह को उत्कृष्ट साहित्य साधना हेतु गणतंत्र दिवस समारोह में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, विधायक शैलेंद्र जैन, महापौर संगीता तिवारी एवं दीपक आर्य द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ शरद सिंह की विभिन्न विषयों में पर अब तक 58 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा उनकी पुस्तकों का कई भारतीय भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। वे निरंतर लेखन कार्य कर रही हैं।



### 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हुआ सम्मान

**रहली।** 25 जनवरी 2024 को 14 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कमिश्नर वीरेंद्र सिंह रावत एवं कलेक्टर दीपक आर्य द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 में उत्कृष्ट कार्य हेतु विधानसभा क्षेत्र रहली के मास्टर ट्रेनर्स घनश्याम दुबे, मनीष वर्मा, बीएलओ/सुपरवाइजर, दीपक मिश्रा, प्रदीप तिवारी, पुरुषोत्तम पटेल, देवेंद्र कुर्मी, चंद्रकांत अहिरवार, दुर्गा वासुदेव, नीता अहिरवार को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

**In The Court of Civil Judge. Senior Division District Court. Sagar Presiding Officar**

**राजकुमार त्रिपाठी**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJCSUC/0000001/2024)**

**श्रीमती पार्वतीबाई अवस्थी........ आवेदक**

**Vs**

**आम जनता.......... अनावेदक**

**Process Id-2024**

**पेशी दिनांकः 12/02/2024**

**प्रेषिती-**

**आम जनता पता-आम जनता सागर जिला सागर मध्य प्रदेश**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति पार्वतीबाई आवस्थी ने मृतक राजेश कुमार अवस्थी s/o भगवानदास साकिन ग्राम नीमोन तह. बंडा जिला-सागर की SBI सागर में जमा 15,07,829/- पंद्रह लाख सात हजार आठ सौ उन्तीस रुपये राशि /संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 12 फरवरी 2024 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 12 फरवरी 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा ।

**न्यायालय की मुद्रा**

**न्यायाधीश राजकुमार त्रिपाठी द्वितीय जिला न्यायाधीश सीनियर डिवीजन म.प्र.**

**कृपया ध्यान दें:**

**1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।**

## एसोसिएशन पदाधिकारियों ने एक साथ मनाया गणतंत्र दिवस



**टीकमगढ़।** मानवाधिकार एसोसिएशन द्वारा कार्यालय पर 75 वां गणतंत्र दिवस पर घ्वजारोहण रखा गया। जिसके मुख्य अतिथि मंहत रामकृष्णदास मामुलिया प्रदेश अध्यक्ष निगरानी द्वारा किया गया। इसके बाद संस्था कार्यालय पर आगामी माह में राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन के लिए जिला अध्यक्ष रामबाबू साहू द्वारा 17 मार्च की तय की गयी है जिसके लिए सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके साथ ही इसकी रूप रेखा बनाई गई, हमारे संगठन में सम्मिलित हुई नई सदस्या लक्ष्मी दिवेदी को सभी पदाधिकारियों ने बधाई प्रेषित की हैं। इस अवसर पर सचिव राकेश कुमार सोनी, कार्यालय प्रभारी निरपेंद्र सिंह, महेंद्र तिवारी, शैलेंद्र सिंह, डा, राजेश विलगैंया, मुहम्मद जिबराईल, राजेश कुमार सोनी, शिवेंद्र मिश्रा, पुष्पेन्द्र सिंह परमार, मंत्री साहू, रामदास विशकर्मा, सुनील अग्रवाल, नीतू दिवेदी, नीरजा दिवेदी, रामकुमारी दिवेदी, आदि सभी लोगों की उपस्थिति रही। बैठक के उपरांत स्वलपाहार किया गया।

## विशेष मध्याह्न भोजन में शामिल हुए अतिथि

**टीकमगढ़।** जिले में आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत 75वें



गणतंत्र दिवस के अवसर पर अतिथियों द्वारा स्कूली बच्चों के साथ विशेष मध्याह्न भोजन का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत पहाड़ीखुर्द में शासकीय हाई स्कूल में आयोजित विशेष मध्याह्न भोजन में अपर कलेक्टर पीएस चौहान, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर सहित अधिकारी एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्कूली बच्चों के साथ भोजन किया। इसके बाद अतिथियों ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

## देवकीनंदन हुए सम्मानित

**टीकमगढ़।** गणतंत्र दिवस पर



शहर के विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय में आयोजित ध्वजा रोहण कार्यक्र म के पश्चात विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता इंजी. एसके त्रिपाठी द्वारा सन 2023-24 में विद्युत चोरी पकडऩे में उत्कृष्ट कार्य करने पर विभाग के प्रवर्तन संभाग टीकमगढ़ के देवकीनंदन जोशी का सम्मान किया गया। इस मौके पर श्री जोशी का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। श्री जोशी के सम्मानित होने पर विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें बधाईयां दी।

# अनुकंपा नियुक्ति मामलों के निराकरण के लिए हुआ समिति का गठन, कार्ययोजना को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



स्थानीय नजरवाग मंदिर में दोपहर 2 बजे से किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सरकारी कर्मचारी का अनायास दिवंगत हो जाने से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ता है ऐसी स्तिथि में अगर परिवार में छोटे बच्चे या ज्यादा समझदार लोग न होने तो उस कर्मचारी के परिजन समस्याओं के निराकरण हेतु कानूनी पेंच और नियमों में उलझे रहते है और भटकते रहते हैं। कई बार दिवंगत कर्मचारियों की पेंशन एवम अन्य स्वत्तो के भुगतान में महीनों लग जाते हैं और दुःखी परिवार भटकता रहता है। कर्मचारियों की इस समस्या को देखते हुए सुनील त्रिपाठी सीएसी ने संघ के समक्ष उक्त परिजनों को सहयोग प्रदान करने के लिए कार्य योजना बनाए जाने का प्रस्ताव रखा था। श्री त्रिपाठी के प्रस्ताव पर संघ ने एक समिति का निर्माण कर कर्मचारियों के सहयोग के लिए क्रियान्वयन शुरू कर दिया है। समिति में सुनील त्रिपाठी, शरद रिछारिया, अभिषेक सक्सेना, अशोक पाठक, पूनम मिश्रा, बबली खान, ब्रजेश प्रजापति, उमाशंकर श्रीवास्तव को रखा गया है ।

बैठक में 4 प्रतिशत डी ए के एरियर्स का भुगतान न होना, क्रमोन्नति की फाइलों पर विभाग की उदासीनता, रविवार के दिन विभिन्न प्रशिक्षण कराए जाने, कक्षा 5वीं 8वीं तथा बोर्ड परीक्षा 10 वीं 12वीं के मूल्यांकन कार्य की राशि का भुगतान न होना, 2018-19 में निवाड़ी जिला एक होने पर स्थानांतरण आदेश में स्थांतरित जिला टीकमगढ़ अंकित होने पर भी वरिष्ठता शून्य किए जाने आदि का विरोध शिक्षकों द्वारा प्रकट किया गया साथ ही शिक्षकों ने उक्त मांगों का निराकरण कराए जाने हेतु संघ को जिला शिक्षा अधिकारी और जिला कलेक्टर के समक्ष मांगे रखे जाने और उनको निराकृत कराए जाने की बात रखी। बैठक में उपस्थित संघ के जिलाध्यक्ष सतीश खरे ने कहा की सबसे पहले हमे संकुल स्तर से सभी फाइलें जिला कार्यालय तक पहुंचाने का कार्य कराना है, जिसके लिए संकुल में कार्यरत शिक्षक साथी संकुल प्राचार्य पर दबाव बनाकर जिला कार्यालय तक फाइलें भिजवाना सुनिश्चित करें व अन्य मांगों के निराकरण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशों के बाबजूद भी निराकरण होते नहीं दिख रहा तो अब संघ जिला कलेक्टर से मुलाकात कर निराकरण कराए जाने का प्रयास करेगा और जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष आंदोलन की चेतावनी देकर जन प्रतिनिधियों के निवासों का घेराव शुरु करेगा ।

सुनील त्रिपाठी ने समिति के निर्माण पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा इस समिति के क्रियान्वयन से अध्यापक शिक्षकों के परिजनों को बहुत हद तक सहयोग प्राप्त होगा । संघ के स्तंभ कहे जाने वाले ब्रजेश असाटी ने संकुल स्तर तक संघ का विस्तार करने की बात कही ।कार्यक्रम के संचालक धर्मेंद्र सिंह बुंदेला ने उपस्थित जनों का स्वागत करते हुए कहा की जिले में एक मात्र पी एम यू एम शिक्षक संघ सभी बिंदुओं को लेकर सक्रिय रूप से काम कर रहा है इसलिए आप सभी इस संघ से जुड़कर संघ को मजबूती प्रदान करें। आज की बैठक मुख्य रूप से सुनील त्रिपाठी, कमरुद्दीन काजी, राजकुमार घोष, कार्तिक खरे, रघुनंदन शुक्ला,अरविंद सेन, अरविंद नामदेव, अखंड प्रताप सिंह, मनोज कसगर, अभिषेक खरे, उमाशंकर श्रीवास्तव,जागेश्वर मिश्रा, राजीव मिश्रा, ब्रजेश प्रजापति, बादशाह मिश्रा, आशाराम कुशवाहा, उमेश सोनी,कम्मोद कुम्हार, बबली खान, सुधा गोतम, नीलू राय, अनिरुद्ध शुक्ला, राजू प्रजापति, प्रमोद दूरवार, स्वामी प्रसाद वैश्य, प्रदीप सैनी, आनंद खरे, गोविंद यादव, माधव प्रसाद कुम्हार, ब्रजेश असाटी, धर्मेंद्र सिंह बुंदेला, सतीश खरे उपस्थित रहें ।

## देख तिरंगा जग कहे, भारत जिंदाबाद, अंहिसा उत्सव संपन्न



**टीकमगढ़।** देवआस्था पुस्तकालय द्धारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर अहिंसा उत्सव का आयोजन किया गया।

जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मलिक, युवा साथी अरविन्द खटीक, रामशंकर नायक, पूर्व पार्षद राजेन्द्र जैन, सुरेन्द्र सोनी, शाहिद भाई, राजेश ताम्रकार, भागवती देवी, प्रियंका, पवनघुवारा सहित उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस की आपको अनंत शुभकामनाएं एवं बधाईयां प्रेषित की। वहीं 25 जनवरी से 31 जनवरी तक अहिंसा के रास्ते सर्वोदय परिवार द्धारा राष्ट्रीय स्तर पर अहिंसा उत्सव मनाया जा रहा है । जिसके तहत विभिन्न प्रकार के आयोजनों का संपादन किया जा रहा है।

## मानवीय संवेदना समिति के कंबल वितरण अभियान का हुआ समापन, प्रधान न्यायाधीश रहे मौजूद



**टीकमगढ़।** रविवार दोपहर 2.30 बजे से जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम पठा के आमनझोर खिरक में मानवीय संवेदना समिति के कंबल वितरण अभियान का समापन समारोह पूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रधान जिला न्यायाधीश हितेंद्र सिंह सिसोदिया सपत्नीक शामिल हुए जहां उन्होंने गरीब बेसहारा असहाय लोगों को मानवीय संवेदना समिति के कार्यक्रम के दौरान कंबल, शाल, चप्पल, मौजे आदि दिए इस मौके पर कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार पाटीदार ,माननीय गुप्ता एवं प्रोफेसर उषा सिंह ठाकुर, वरिष्ठ साहित्यकार हरेंद्र पाल सिंह, सीएमओ उमाशंकर मिश्रा एवं उपभोक्ता फोरम की सदस्य डॉक्टर प्रीति सिंह परमार, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील शर्मा, विधिक सहायता कार्यालय से कैलाश नारायण मिश्रा, दीपेश जैन सहित मानवीय संवेदना समिति के अध्यक्ष देवेंद्र योगी, सचिव मनीराम कठैल, प्रवक्ता विनोद कुमार राय, केएल टेलर, स्टेट बैंक से रिटायर स्वतंत्र कुमार जैन, राम चरण अहिरवार, सतीश सूत्रकर एवं इरफान अहमद बबलू, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप खरे, वरिष्ठ पत्रकार गोविंददास विश्वकर्मा सहित अनेक गणमान्य जन एवं ग्रामवासी व लाभार्थी बेसहारा असहाय मौजूद थे। मानवीय संवेदना समिति द्वारा आयोजित इस कंबल वितरण कार्यक्रम के समापन अभियान के अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानवीय संवेदना समिति का जैसा सुंदर नाम है वैसा ही समिति का काम है समिति के नाम से ही लोगों के मन में संवेदना की भावना जागृत हो जाती है उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि गरीब बेसहारा असहाय लोगों की मदद करना ही सच्ची मानव सेवा है हम सभी को ऐसे कार्य करना चाहिए और उन्होंने समिति के कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस मौके पर वहां उपस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार पाटीदार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि यह सच्ची मानव सेवा है उन्होंने कानून के बारे में भी वहां उपस्थित ग्रामीण जनों को तमाम जानकारियां दीं एवं समारोह पूर्वक मानवीय संवेदना समिति के इस कंबल वितरण अभियान के कार्यक्रम का समापन किया गया जहां समिति द्वारा चिन्हित लोगों को गर्म शाल,कंबल, चप्पल और मौजे मुख्य अतिथियों के द्वारा दिए गए। इस समारोह पूर्वक कार्यक्रम का संचालन शिक्षक वीरेंद्र चंसोरिया ने किया। उल्लेखनीय है कि करीब 20 वर्षों से मानवीय संवेदना समिति जिले में समाज सेवा के ऐसे कार्य करती आ रही है और लगातार आगे भी करने का लक्ष्य समिति का है जहां गर्मियों में जगह-जगह प्याऊ खोलकर लोगों को पानी पिलाते हैं।

## तेज सर्दी और कोहरे के बावजूद उत्साह में नहीं आई कमी

# उत्साह से मना गणतंत्र दिवस, जगह जगह हुए क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा










गणतंत्र दिवस का पर्व नगर एवं क्षेत्रभर में पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। तेज सर्दी एवं कोहरे के बावजूद गणतंत्र के पर्व के उत्साह में कोई कमी नहीं रही और सभी संस्थाओं, विद्यालयों एवं कार्यालयों में ध्वजारोहण के साथ अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम तहसील के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया। जिसमें नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद एनसीसी के कैडेटस की परेड को सलामी दी गई।

कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों ने एक से बढकर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों एवं नागरिकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसडीएम विजय राय, एसडीओपी मनोज मिश्रा, तहसीलदार संदीप जायसवाल, अताउल्ला खान, सविता पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। उधर नपा कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने झंडा वंदन किया। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया। उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कहा कि आज केंद्र और प्रदेश में बैठी डबल इंजन वाली भाजपा सरकार जनता के हित में ही काम कर रही है। आज प्रत्येक वर्ग के लोगों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जनता ही सर्वोपरि है और जनता के हित के काम को निरंतर ऐसे ही आगे बढ़ाया जाता रहेगा। गणतंत्र में गण बड़ा होता है तंत्र नहीं। सभी नेता जनता के सेवक हैं। ना की जनता नेताओं की सेवक। कार्यक्रम के दौरान सीएमओ पवन शर्मा, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, योगेंद्र समैया, सरिता जैन, सरिता रघुवंशी, सचिन श्रीवास्तव, पार्षदगण, नपा कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## भाजपा की मंडल स्तर के पदाधिकारियों की बैठक

# गरीब कल्याण की योजनाओं को जनता तक पहुंचाए कार्यकर्ताः गौरव सिरोठिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में नगर एवं ग्रामीण मंडल के पदाधिकारी एवं शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक हुई। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सारोठिया ने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा के गांव चलो अभियान में घर-घर जाकर जनसंपर्क करें। कार्यकर्ता प्रयास करें की प्रधानमंत्री मोदी की गरीब कल्याण की योजनाओं एवं मोदी के प्रयासों को सफल बनाने के लिए तत्पर रहें। साथ ही उन्होंने अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर के दर्शनार्थियों के लिए जाने वाली ट्रेन के बारे में भी जानकारी दी और आगामी कार्यक्रमों के लिए कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया। बैठक में लोकसभा विस्तारक आशुतोष शर्मा एवं विधानसभा विस्तारक शुभम सोनी उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य शशि कैथोरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, जिला मंत्री सचिन समैया, विधानसभा संयोजक मनोज शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष शुभम तिवारी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, जनपद उपाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह ठाकुर, महामंत्री अभिषेक लिटोरिया, विमल अहिरवार, नवीन सिंह चंदेल, वरिष्ठ नेता विजय हुरकट, करोड़ी लाल यादव, डॉक्टर नरेंद्र ठाकुर, रमेश जड़िया, राजा बाबू यादव, भारती राय, ज्योति सराफ़, आलेख राय, जगदीश गोस्वामी, टीनू समैया, मंशाराम सुंदरानी, पंचम विश्वकर्मा, भूपेन्द्र राय, तिलक सिंह, मुकेश जैन सैदपुर, अंजू पाठक, आदिश शाह, निखिल तिवारी सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नाबालिग से शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को न्यायालय ने सुनाई 20 साल सश्रम कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) निर्मल मंडोरिया ने 16 वर्षीय पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले के पैरवी विशेष लोक अभियोजक श्याम सुंदर गुप्ता ने की एवं विवेचक उप निरीक्षक प्रतिमा मिश्रा रही। विशेष लोक अभियोजक श्याम सुंदर गुप्ता ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह कटनी जिला का रहने वाला है। करीब 1 माह से बीना में उसके परिवार के साथ रहकर मजदूरी कर रहा है। 5 सितंबर 2022 को सुबह करीब 8 बजे उसकी लड़की पीड़िता उम्र 16 वर्ष घर से बाजार सब्जी लाने की बोलकर गई थी, जो घर वापस नहीं आई, वह बिना बताए कहीं चली गई है। जिसकी तलाश करने पर उसका पता नहीं चल सका है। उसे संदेह है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी लड़की को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध गुमशुदा व्यक्ति पंजीकरण क्रमांक 92/2022 अन्तर्गत धारा 363 भा.दं.सं. कायम कर अपराध क्रमांक 590/2022 अन्तर्गत धारा 363 भा.दं.सं. के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख कर प्रकरण अनुसंधान में लिया गया। उप निरीक्षक प्रतिमा मिश्रा ने पीड़िता को इंदौर से दस्तयाब कर थाना लाकर पूछताछ की तो उसने बताया कि आरोपी विक्रम से अच्छी जान पहचान हो जाने पर वह उसके साथ इंदौर चली गई थी और वहां पति-पत्नी की तरह रहकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे।

### पुलिस ने आरोपी और पीड़िता का डीएनए परीक्षण कराया जाकर मामला न्यायालय में पेश किया

न्यायालय में विचारण के दौरान पीड़िता और उसके माता-पिता ने आरोपी से राजीनामा कर लिया और अभियोजन का समर्थन नहीं किया। किन्तु अभियोजन के द्वारा पीड़िता की उम्र को 18 वर्ष से कम होना साबित किया और डीएनए परीक्षण पॉजिटिव होने की रिपोर्ट प्रस्तुत की और तर्कों के माध्यम से न्यायालय ने आरोपी विक्रम पिता पूरन सूर्यवंश (अहिरवार) उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम हड़कारी, थाना बीना जिला सागर को दोषी साबित किया। न्यायालय के द्वारा आरोपी विक्रम को धारा 5/6 पॉक्सो अधिनियम में दोषी पाया जाकर 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया एवं पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में एक लाख रुपए प्रतिकर के रूप में दिए जाने का आदेश प्रदान किया।

# डस्टर कार में मिली अवैध शराब, पुलिस ने किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना






शहर में अवैध रूप से बिकने आ रही शराब को पुलिस ने एक डस्टर कार से जब्त कर अवैध शराब एवं कार को जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(1)के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार रात 100 डायल को मुखबिर ने सूचना दी थी कि कुरवाई से बीना की ओर एक लाल रंग की डस्टर कार में अवैध शराब आ रही है। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर ने चीता आरक्षक जाहर, आरक्षक मलखान, आरक्षक दलजीत, आरक्षक सोमवीर, आरक्षक वीरेंद्र कुरवाई रोड जैन मार्बल के सामने पहुंचकर चैकिंग लगाई गई। चेकिंग के दौरान कुरवाई तरफ से एक लाल रंग की डस्टर कार क्रमांक यूपी 93 एएक्स 5815 आती दिखी। जिसे हमराह स्टाफ की मदद से रुकवाया गया और कार की ड्राइविंग सीट पर बैठे व्यक्ति से पूछताछ में उसने अपना नाम सुरेश उर्फ सुरेन्द्र पिता स्वर्गीय केदारनाथ साहू उम्र 46 साल निवासी चंद्रशेखर वार्ड बीना का होना बताया। गवाहों के सामने तलाशी लेने पर कार की डिग्गी में 2 प्लास्टिक के थैला रखे थे। जिन्हें चैक करने पर एक प्लास्टिक के थैला में 10 रम की कांच की बोतल प्रत्येक बोलत में 375 एमएल शराब कुल 3.75 लीटर शराब कीमती 4500 रूपए एवं दूसरे थैला में 11 बोतल कांच की प्रत्येक बोतल में 375 एमएल शराब कुल 4.125 लीटर, कीमत 4950 रूपए की रखे मिला। दोनों थैलों में 21 बोतल हाफ कुल 7.8 लीटर, कुल कीमत 9450 रूपए की शराब रखे था।

वाहन चालक सुरेश साहू से उक्त शराब के संबंध में वैध लाइसेंस मांगा गया, जिसका लाइसेंस नहीं होना बताया। आरोपी का कृत्य धारा 34(1) आबकारी एक्ट का पाए जाने से आरोपी सुरेश उर्फ सुरेन्द्र साहू से उक्त अवैध शराब व एक लाल रंग की डस्टर कार क्रमांक यूपी 93 एएक्स 5815 कीमत करीब 5 लाख रुपए व कार के कागजात मुताबिक जप्ती पत्रक जब्त किए। आरोपी का जुर्म जमानती व प्रकरण में सात वर्ष से कम सजा का प्रावधान होने से मौके पर आरोपी को धारा 41क जाफौ० का नोटिस तामील कर न्यायालय हाजिर होने पाबंद किया गया।

# मुख्य आयोजन में छात्र-छात्राओं ने दी शानदार प्रस्तुति, जनपद अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



गणतंत्र दिवस के मौके पर शहर का मुख्य आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में आयोजित किया गया। ध्वजारोहण जनपद अध्यक्ष उषा राय के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के दौरान पुलिस बल के द्वारा सलामी दी गई। कार्यक्रम में शामिल होने आई विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं के द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। वहीं विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र छात्राओं, शासकीय कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों का सम्मान किया गया।

जगह जगह फहराया गया तिरंगा- कॉलेज तिराहा स्थित भाजपा कार्यालय पर वरिष्ठ भाजपा नेता किरोड़ी यादव, विजय हुरकट, पूर्व विधायक धरमू राय, नगर मंडल अध्यक्ष शुभम तिवारी एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ठाकुर ने ध्वजारोहण किया गया। इसके अलावा कांग्रेस कार्यालय पर विधायक निर्मला सप्रे, पूर्व विधायक महेश राय ने अपने कार्यालय, नगर पालिका में नपा अध्यक्ष लता सकवार, गांधी वार्ड स्कूल में पार्षद भारती राय, एसडीओपी कार्यालय में एसडीओपी प्रशांत सुमन, तहसील कार्यालय में एसडीएम, रेलवे स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक शर्मा, थाना में थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर आदि कई शासकीय एवं निजी भवनों पर तिरंगा शान से फहराया गया। पीजी कॉलेज में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य डॉक्टर रेखा बरेठिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य बरेठिया ने कहा कि अमर शहीदों एवं संविधान निर्माताओं के योगदान को हमें हमेशा स्मरण में रखना चाहिए।


## लोक निर्माण विभाग ने छह नई सड़कों का निर्माण कराने का भेजा प्रस्ताव

# श्योपुर में बनेंगी छह नई सड़कें सुगमता भरा होगा ग्रामीणों का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के दर्जनभर से ज्यादा गांवों के ग्रामीणों का सफर अब जल्द ही सुगमता भरा हो जाएगा। वजह यह है कि सड़क संबंधी परेशानी से जूझ रहे इन गांवों में सड़क बनाए जाने के लिए लोक निर्माण विभाग के द्वारा प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है और इस प्रस्ताव को बजट में शामिल कराने के लिए राज्य शासन की ओर भेज दिया गया है। उम्मीद की जा रही है कि इन सड़कों के प्रस्ताव को बजट में शामिल कर लिया जाएगा। इसके बाद शासन के द्वारा इन सड़कों के निर्माण के लिए राशि मंजूर कर दी जाएगी। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग इन सड़कों का निर्माण शुरू करा देगा।

यहां बता दें कि जिले में भी चारो तरफ पक्की सड़कों का जाल बिछ चुका है। जिले की प्रमुख सड़कें भी चकाचक बन गई हैं। लेकिन अभी भी चक आसन, मेवाडा की माली बस्ती, रन्नोद से सोंठवा, शाहपुरा से सिरसौद तथा आवदा नहर से लाथ गांव जाने वाला रास्ता कच्चा है। जिसकारण बारिश के दिनों में इन रास्तों से गुजरना ग्रामीणों के लिए मुश्किलभर हो जाता है। स्थिति यह बन जाती है कि कुछ गांवों के ग्रामीणों को बारिश के दौरान फेर खाकर अपने गांवों में पहुंचना पडता है। ऐसे गांवों के ग्रामीण अपने गांवों के रास्तों में सड़क बनाए जाने की मांग काफी समय से उठा रहे है। वहीं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी इस संबंध में प्रयास किए गए। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग के द्वारा छह नई पक्की सड़क बनाए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया। बताया गया है कि छह नई सडकों का निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव तैयार किए जाने के बाद उसे लोक निर्माण विभाग ने नए बजट में शामिल कराने के लिए शासन की ओर भेज दिया है।



### बजट में शामिल होने की उम्मीद

विभागीय सूत्रों की माने तो इन सड़कों के प्रस्ताव बजट में शामिल होने की उम्मीद है। क्योंकि नई सड़क बनाए जाने का यह प्रस्ताव जिले के नागरिकों की मांग और पूर्व केन्द्रीय मंत्री व विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के दखल के चलते भेजा गया है। इसलिए उम्मीद है कि वर्ष 2024-2025 के बजट में इन सडकों के प्रस्ताव को भी शामिल कर लिया जाएगा। बताया गया है कि बजट में शामिल होने के बाद शासन की ओर से इन सडकों के निर्माण के लिए राशि जारी हो जाएगी,जिसके बाद लोक निर्माण विभाग इन सडकों का निर्माण शुरू कर देगा। जब इन पक्की सडकों का निर्माण हो जाएगा,तब ग्रामीणों का सफर पूरे 12 महीने सुगमता भरा हो जाएगा और बारिश होने पर भी उनके गांव की राह नहीं रूकेगी।

### इन सड़कों का होगा निर्माण

लोक निर्माण विभाग के द्वारा जिन छह नई सड़कों का निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव तैयार कर बजट में शामिल कराने के लिए भेजा गया है, उनमें मेवाडा से माली बस्ती, रन्नोद से सोंठवा, प्रेमसर से चक आसन, शाहपुरा से सिरसौद, सिरसौद से सलमानिया, लाथ से आवदा नहर रोड शामिल है। बताया गया है कि इन सड़कों की कुल लंबाई 17 से 18 किलोमीटर हो रही है। जिस पर लगभग 18 करोड रूपए की राशि खर्च होगी। लोक निर्माण विभाग ने इस सडको के निर्माण के लिए लगभग 18 करोड रूपए का बजट उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया है।

### ये सड़कें जिनका भेजा प्रस्ताव

| सडक का नाम | लंबाई | राशि लगभग |
|---|---|---|
| रन्नौद से सोंठवा | 5 किमी | 5 करोड़ |
| प्रेमसर से चकआसन | 4.5किमी | साढे4 करोड़ |
| शाहपुरा से सिरसौद | 2.5 किमी | ढाई करोड़ |
| सिरसौद से सलमानिया | 1 किमी | एक करोड़ |
| लाथ से आवदा केनाल | 1.5 किमी | डेढ करोड़ |
| मेवाडा से मालीबस्ती | 3 किमी | 3 करोड़ |

### इनका कहना

ग्रामीणों का सफर सुगम बनाने के लिए छह सड़कों का निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसे बजट में शामिल कराने के लिए शासन की ओर भेज दिया है।

आरएस शर्मा
ईई, पीडब्ल्यूडी, श्योपुर

## जिला स्तरीय ओलंपियाड खेल प्रतियोगिता में आज होंगे फाइनल मैच

# विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाने कलेक्टर ने लगाई दौड़, छात्रों के साथ खेले कबड्डी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ढेंगदा के खेल मैदान पर चल रही जिला स्तरीय ओलंपियाड खेल प्रतियोगिता में भागीदारी कर रहे अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाने के लिए कलेक्टर संजय कुमार ने विद्यार्थियों के साथ खेलों में भागीदारी कर सभी को चौंका दिया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के साथ 100 मीटर फर्राटा रेस दौड़कर पुरी की और कबड्डी में भी जमकर हाथ आजमाएं। सोमवार को प्रतियोगिता के फाइनल मैच खेले जाएंगे।

शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के द्वारा शुरू किए गए जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में रविवार को सेमीफाइनल मैच खेले गए। विभिन्न एथलीट प्रतियोगिताओं में भागीदारी करने आए विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाने के लिए रविवार को भी कलेक्टर संजय कुमार ढेंगदा खेल परिसर पहुंचे जहां उन्होंने विद्यार्थियों से मुलाकात कर उनके हाल-चाल जाने और विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली इस दौरान खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए कलेक्टर ने खिलाड़ियों के साथ कबड्डी का मैच भी खेला साथ ही 100 मीटर की रेस में भी कलेक्टर ने विधार्थियो के साथ दौड़ लगाई। कलेक्टर द्वारा विद्यार्थियों के साथ खेल प्रतियोगिता में इस तरह भागीदारी करने से विद्यार्थियों में उत्साह का संचार देखने को मिला।



### अंतरराष्ट्रीय स्तर की मिल रही खेल सुविधा

जिला ओलंपियाड प्रतियोगिता के तहत ढेंगदा खेल परिसर में आयोजित हो रही एथलीट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधा प्राप्त हो रही है ज्ञात हो कि यहां पर जो एथलेटिक ट्रैक तैयार किया गया है वह अंतरराष्ट्रीय पैटर्न पर बनाया जाकर राष्ट्रीय स्तरीय खेल मैदानों जैसा है। साथ ही कबड्डी मेट भी राष्ट्रीय स्तर के हैं। राष्ट्रीय स्तर के इंडोर स्टेडियम में बेड बैडमिंटन वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित करने जा रही है।

# पेड़ पर्यावरण सिस्टम में संतुलन बनाने में सहायक, हर व्यक्ति दो पौधे लगाए: रफत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



पेड़ों का पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के चलते ही पृथ्वी का एको सिस्टम गड़बड़ाया है। मध्य प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से अंकुर अभियान के तहत पौधे लगाने और उसके संरक्षण के लिए अभियान चलाया है। इस अभियान से हर आमजन को जुड़ने की जरूरत है।

यह बात मध्य प्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रफत वारसी ने रविवार को शहर के बडौदा रोड स्थित मुस्लिम सामुदायिक भवन जमातखाना में पौधारोपण कार्यक्रम में संबोधन देते हुए कही। वक्फ इंतजामिया कमेटी जमातखाना के अनुरोध पर कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त वारसी ने जमातखाना में विकसित किए गए कॉर्नर गार्डन में छायादार एवं फूलदार पौधों का रोपण किया। कमेटी के सदर इंसाफ कुरैशी ने बताया कि मैरिज गार्डन का जीर्णोद्धार काम जारी है। कॉर्नर गार्डन विकसित किया जा रहे हैं ताकि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के साथ प्राकृतिक वातावरण का एहसास हो इस दौरान वक्फ कमेटी के सचिव सैयद हामिद अली नकवी समाजसेवी असलम बेग, अल्ताफ खान, विक्की कुरैशी, पूर्व पार्षद बल्लू पेंटर, पार्षद खालिद फारुकी, निसार खान आदि मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी की मोटर चुरा कर ले जाने वाले से राजीनामा का दबाव,वायरल हुई रिकॉर्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आंगनबाड़ी केंद्र काशीपुर से पानी की मोटर चुरा ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने चिन्हित तो कर लिया है लेकिन संबंधित पर एफआईआर करने के बजाय फरियादी पर राजीनामा करने का दबाव बनाया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस और फरियादी की ओर से पैरवी करने वाले एक वकील के साथ हुई मोबाइल रिकॉर्डिंग भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। काशीपुर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने अपने विभाग को आवेदन दिया था कि गांव का ही एक शराबी युवक आंगनबाड़ी केंद्र के लिए कराई गई बोर के भीतर से मोटर निकाल कर ले गया। इस संबंध कार्यकर्ता के आवेदन पर से विभाग के निर्देश पर सुपरवाइजर ने मानपुर थाना में संबंधित पर एफआईआर करने के लिए आवेदन दिया था, लेकिन पुलिस ने कई माह बीतने पर आवेदन पर से एफआईआर करने के बजाय लगातार टाल मटोल करती रही, अब फरियादी पर राजी नामा करने का दबाव बनाया जा रहा है सोशल मीडिया पर एक पुलिसकर्मी और गांव के ही एक वकील के बीच वीडियो रिकॉर्डिंग भी वायरल हो रही है जिसमें वकील से राजीनामा करने की बात भी कहीं जा रही है। पुलिस द्वारा कहा जा रहा है कि संबंधित व्यक्ति जो मोटर निकाल कर ले गया था वह वापस मोटर बोर में डालने को तैयार है, बोर में मोटर डलवा ले और मामले को रफा-दफा कर ले। प्रश्न यही उठ रहा है कि जब पुलिस को पता है कि संबंधित व्यक्ति ने मोटर चोरी है और वह चोरी की मोटर को वापस डालने को भी तैयार है तो फिर उस पर एफआईआर करने के बजाय फरियादी से आवेदन वापस लेने के लिए दवाब क्यों डाला जा रहा है।

## बीजेपी समर्थित कार्यकर्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष तोमर को सौंपा मांग पत्र

# गरीबों के लिए कलेक्टर भगवान से कम नहीं, इनका न हो ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



भाई साहब कलेक्टर बहुत ईमानदार हैं। वह भगवान नहीं है लेकिन भगवान की कसम वे गरीबों के लिए भगवान से कम भी नहीं हैं। इस कलेक्टर को तो हमेशा यहां रहना चाहिए, इसका ट्रांसफर नहीं होना चाहिए, जिन सरपंचों ने कलेक्टर के ट्रांसफर का ज्ञापन दिया है वह कांग्रेस के दलाल हैं। यह बात शनिवार को श्योपुर पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को भाजपा कार्यकर्ताओं ने आवेदन सौंपते हुए कही।

सोंईकला के पूर्व सरपंच नाथूलाल मीणा, ददूनी के पूर्व सरपंच भीम सिह जाट ढोटी के पूर्व सरपंच देवी शंकर गुर्जर आदि ने पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को ज्ञापन सौंपते हुए कलेक्टर संजय कुमार का ट्रांसफर नहीं करने की मांग की है। उनके द्वारा दिए गए आवेदन के दौरान जो वीडियो वायरल हुआ है उसमें ढोटी के पूर्व सरपंच यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि कलेक्टर गरीबों के लिए बेहद ईमानदार है भले ही वह भगवान नहीं है लेकिन भगवान की कसम गरीबों के लिए भगवान से कम भी नहीं है। सोई कला के पूर्व सरपंच नाथू लाल यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि जिन सरपंचों ने कलेक्टर को हटाने के लिए ज्ञापन दिया है वह सब कांग्रेस के दलाल है और चुनाव में कांग्रेस को ही इन्होंने वोट दिलवाए हैं। भाजपा का इन लोगों ने झूठा चोला ओढ़ रखा है। ये लोग आपके पास जाकर भाजपाई बन जाते हैं लेकिन काम कांग्रेस के लिए करते हैं इन कांग्रेसियों के कहने पर कलेक्टर का ट्रांसफर मत करना। इस वीडियो के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर तरह तरह के कमेंट्स आ रहे हैं।

# बाइक और ट्रक की भिड़ंत में महिला की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

**गमी में शामिल होकर वापस अपने गांव मानपुर लौट रहे थे बाइक सवार, रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में हुआ हादसा**

रघुनाथपुर थाना क्षेत्र स्थित टोंक-चिरगांव नेशनल हाइवे पर रविवार की दोपहर ढाई बजे के आसपास एक बाइक और ट्रक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। जबकि महिला के पति समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद रैफर कर दिया गया है।

अस्पताल चौकी पुलिस ने बताया कि ग्राम मानपुर निवासी मुबारिक खान पुत्र सत्तार खां 52 वर्ष रविवार को अपनी रूखसाना के साथ मुरैना जिले के जौरा क्षेत्र स्थित ककरदा गांव में अपने रिश्तेदार की गमी में शौक संवेदना व्यक्त करने के लिए गया था। बाइक को सुल्तान खान चला रहा था। शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद जब ये लोग वापस मानपुर लौट रहे थे, तभी डाब की तलैया के पास इनकी बाइक को सामने से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें रघुनाथपुर थाना पुलिस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने रूखसाना पत्नी मुबारिक अली 50 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। जबकि मुबारिक और सुल्तान को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के बाद उन्हें रैफर कर दिया है।

# टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 4 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 4 फरवरी से शहर के किला गेट के नीचे स्थित आशुतोष ग्राउंड पर खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता में विजेता टीमों को आकर्षक इनाम दिए जाएंगे। बाबा ब्रिक के इंडस्ट्रीज के सहयोग से आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट का शुभारंभ 4 फरवरी को किया जाएगा। मैच को आकर्षक और रोमांचक बनाने के लिए 10 ओवरों का कराया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि इस टूर्नामेंट में शामिल होने वाली क्रिकेट टीमों को 2100 रूपए बतौर प्रवेश शुल्क आयोजन समिति के पास जमा करानी होगी। इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच जीतने वाली टीम को 21000 रूपए और उप विजेता बनने वाली टीम को11000 हज़ार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

# बडौदा से किशोरी का अपहरण, मानपुर से महिला लापता, ढूंढने में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र से जहां एक किशोरी का अपहरण कर लिया गया है। अपहरण करने वाला आरोपी फिलहाल अज्ञात है। वहीं मानपुर थाना क्षेत्र से एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लापता हो गई। पुलिस ने दोनों मामलो में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि बडौदा थाना क्षेत्र के ग्राम रतोदन निवासी 15 वर्षीय किशोरी आरती आदिवासी गत 24 जनवरी को संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लापता हो गई। परिजनों ने उसका अपहरण होने का अंदेशा व्यक्त करते हुए बडौदा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। उधर मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चकबमूलिया निवासी निरमा बाई पत्नी दिनेश आदिवासी 23 जनवरी को बिना बताए घर से चली गई। जिसका परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी कोई अता पता नहीं है। मानपुर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## झूठे साबित हो रहे शासन-प्रशासन के अवैध उत्खनन रोकने के दावे

# अवैध उत्खनन ने खोखली कर दी सीप, नदी के पत्थर तोड़कर लाखों की कमाई कर रहे माफिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोंईकलां

अवैध उत्खनन को रोकने के लिए भले ही शासन और प्रशासन द्वारा तमाम निर्देश दिए जाने के साथ ही कार्रवाईयां भी की गई हो, लेकिन इसके बाद भी जिले में अवैध उत्खनन पर रोक लगती नहीं दिख रही है। इसका उदाहरण सोंईकलां क्षेत्र से गुजरी सीप नदी है, जहां अवैध रूप से पत्थर तोड़े जा रहे हैं। जिससे माफिया लाखों की कमाई कर रहे हैं। इस कारण सीप नदी खोखली होती जा रही है। वहीं माफिया के हौसले बुलंद होते जा रहे है। विशेष बात यह है कि इन स्थितियों की जानकारी संबंधित विभागीय अधिकारियों सहित प्रशासन को भी भलीभांति है। इसके बाद भी जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों के द्वारा इस दिशा में कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

यूं तो सीप नदी जिले की जीवन दायिनी नदी कही जाती है। मगर इसके बाद भी सीप नदी में अवैध रूप से पत्थर तोड़ने का काम धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिसके चलते सीप नदी खोखली होती जा रही है। स्थिति यह है कि सोंई से लेकर मानपुर तक कई जगह सीप नदी से अवैध ढंग से पत्थर तोड़े जा रहे है। हर रोज चल रहे इस अवैध उत्खनन में कई ट्रैक्टर-ट्रॉली लगे हुए है। इन स्थितियों के चलते जहां सीप नदी का प्राकृतिक सौन्दर्य बिगड़ता जा रहा है,वहीं शासन को राजस्व की भी चपत लग रही है। क्योंकि माफिया नदी के पत्थरों को तोडकर उससे मोटी कमाई कर रहे है। ग्रामीणो ने बताया कि पत्थर माफिया सीप नदी से अवैध रूप से पत्थर तोड़कर उनकी सप्लाई आसपास के गांवों तक भी कर रहे है। यह काम काफी समय से चल रहा है। जिसकी जानकारी प्रशासन के पास भी है,लेकिन इसके बाद भी न तो खनिज विभाग कोई ध्यान दे रहा है और न ही प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी इस संबंध में कोई कार्रवाई करते नजर आ रहे है।



### खत्म हो गए कई प्राकृतिक स्नान घाट

अवैध रूप से पत्थर तोड़े जाने के चलते जहां सीप नदी खोखली होती जा रही है। वहीं सीप नदी किनारे बने पत्थर की शिलाओं के कई प्राकृतिक स्नान घाट भी खत्म हो गए हैं। पत्थरों की अवैध तुड़ाई करने वाले लोगों के द्वारा पत्थरों की शिलाओं के बने स्नान घाटों को तोड़ दिया गया है। यही कारण है कि सीप नदी किनारे मौजूद केदारशिला सहित अन्य कई स्नान घाट गायब हो गए। जबकि पहले केदारशिला का प्राकृतिक स्नान घाट लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकृर्षित करता था।

### इन नदियों में भी अवैध उत्खनन

जिले की सीप नदी में ही पत्थर का अवैध उत्खनन नहीं हो रहा है,बल्कि मोरडूगरी नदी, सरारी, हाथी टीला, अमराल, पारम और द्वार नदी सहित अन्य कई नदियो में भी अवैध तरीके से पत्थरों को तोड़कर बेचा जा रहा है। बता दें कि मप्र की नई मोहन यादव सरकार ने अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। हालांकि इन निर्देशो के क्रम में प्रशासन ने अभियान शुरू करते हुए ताबडतोड अंदाज में कार्रवाई की, लेकिन फिलहाल प्रशासन का अवैध खनन के खिलाफ अभियान ठंडा पड़ा गया है।

### दिखवाएंगे

पत्थरों का अवैध उत्खनन कर सीप नदी को खोखली कर रहे हैं यह तो गंभीर बात है। इसकी जानकारी लेकर इस संबंध में कार्रवाई करने के लिए अधिनस्थों को निर्देशित किया जाएगा।

प्रेमलता पाल
तहसीलदार, श्योपुर

# आशा कार्यकर्ताओं ने जानी गैर संचारी रोगों की रोकथाम और बाल्यवस्था देखभाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



गैर-संचारी रोगों को दीर्घकालिक बीमारियों के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि ये लंबे समय तक बने रहते हैं तथा ये एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलते हैं। आमतौर पर ये रोग आनुवंशिक, शारीरिक, पर्यावरण और जीवन-शैली जैसे कारकों के संयोजन का परिणाम होते हैं, ऐसे रोगियों को इलाज़ से अधिक देखभाल की जरूरत होती है। यह देखभाल घर पर ही सुलभता के साथ मिले इसके लिए जागरूकता जरूरी है, आमजन में ये जागरूकता आशा कार्यकर्ता ठीक से फैला सकतीं हैं। यह बात राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा प्रायोजित मध्यप्रदेश विज्ञान सभा के माध्यम से जिला स्वास्थ्य समिति श्योपुर के सहयोग से आयोजित आशा प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देते हुए कही।

24 से 28 जनवरी तक एच वी वाय सी एवं एनसीडी बैचों का आयोजन किया गया जिसमे श्योपुर जिले के कराहल बडौदा, विजयपुर की 49 आशा प्रतिभागियों के द्वारा भागीदारी की गई। प्रशिक्षण मे जिला प्रशिक्षक बीरेंद्र कुमार पाराशर सोनाली सक्सैना योगेन्द्र पाराशर विवेक कुमार शर्मा गीतांजलि सिकरवार धर्मसिंह मीणा ने शैड्यूल के अनुसार माड्यूल के आधार पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मे गैर संचारी रोग एवम् छोटे बच्चों की गृह आधारित देखभाल पर आशाओं को, प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर अरूण ओसवाल समाजसेवी एमजीसीए सदस्य बिशेष रूप से उपस्थित रहे। ओसवाल ने आशाओं से संवाद कर उनके गाँव स्तर की समस्याओं से रूबरू हुए साथ ही रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया साथ ही रक्तदान करने से शरीर मे होने वाले लाभ और रक्तदान महादान को लेकर जानकारी से रूबरू कराया गया। प्रशिक्षण के समापन सत्र मे सभी आशा प्रतिभाशाली के प्रशिक्षण के अनुभवों को सांझा किया गया साथ ही समस्त जिला प्रशिक्षकों ने आशाओं को अपने कार्यक्षेत्र गाँव मे अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधायें पहुंचाने हेतु उदबोधन देकर प्रेरित किया गया। समापन के अंत मे प्रशिक्षण में मुख्य चिकित्सा एवम् स्वास्थ्य अधिकारी जे एस राजपूत एवं कम्युनिटी मोवालाइजर अमित श्रीवास बिशेष रूप से उपस्थित होकर सभी प्रतिभागियों से संबाद कर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति, उत्कृष्ट कार्यों के लिए बांटे गए पुरस्कार

# जिले में शान के साथ फहराया गया तिरंगा झंडा












हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

गणतंत्र दिवस पर मुख्य समारोह का आयोजन देष भक्ति के साथ किया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान का आयोजन हुआ आर्कषक परेड का आयोजन भी किया गया। इस मुख्य समारोह मे एसपी अमन सिंह राठौड विधायक हरिबाबू राय, मुगावली विधायक बृजेन्द्र सिह यादव सहित जिले के गणमान्य नागरिको ने भाग लिया।

समारोह में परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक दिनेश लात्या एवं 2 आई.सी. सूबेदार आईना साहिबा के नेतृत्व में परेड की टुकड़ियां द्वारा भव्य एवं आकर्षक मार्चपास्ट किया गया। परेड की टुकड़ियो में विशेष सशस्त्र बल 26 वीं बटालियन, जिला पुलिस बल पुरूष,जिला पुलिस बल महिला,होमगार्ड, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाइड दल, शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर का दल,शौर्य दल,लाड़ली लक्ष्मी क्लब,राव माधव उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय का स्काउट दल, बर्धमान माध्यमिक विद्यालय का स्काउट दल, नगर रक्षा समिति तथा दिव्य घोष दल शामिल हुए। मुख्य अतिथि द्वारा परेड के सभी कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गई। साथ ही रंगबिरंगे गुब्बारे खुले गगन में छोड़े गए। परेड की टुकड़ियों द्वारा हर्षफायर कर राष्ट्रपति की जय के नारे लगाए गए।

### पुलिस विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। संसद में तीन नए कानून भारतीय न्याय सहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रदर्शनी का मुख्य केंद्र रहें। आम नागरिक एवं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शनी अवलोकन किया गया एवं महत्वपूर्ण जानकारी ली

### विभागीय योजनाओं पर आधारित झांकियां प्रदर्शित की गईं

गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं को प्रदर्शित करती हुई झांकियां निकाली गई। वन विभाग द्वारा वन्य प्राणियों का संरक्षण,कृषि एवं सहकारिता द्वारा प्राकृतिक खेती एवं स्वाइल हेल्थ कार्ड,उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना पर आधारित,शिक्षा विभाग द्वारा रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं बालिका सशक्तिकरण,महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना पर आधारित,जलसंसाधन द्वारा सप्रिंकलर सिंचाई पद्धति,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन हर घर जल,आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा पीएम जनमन योजना पर आधारित,जिला पंचायत द्वारा विधानसभा निर्वाचन स्वीप गतिविधियां पर आधारित,नगरीय प्रशासन द्वारा पीएम स्वनिधि योजना पर आधारित, ग्रामोद्योग विभाग द्वारा चंदेरी की साड़ी का निर्माण,पशु चिकित्सा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दुधारू पशु योजना तथा सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा लोकतंत्र सेनानी कमल सिंह रघुवंशी एडवोकेट को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विभिन्न स्कूलों के चयनित 600 छात्र-छात्राओं ने 15 मुद्राओं में सामूहिक आकर्षक पी.टी. प्रदर्शन कर अनुशासन को रेखांकित किया।



### स्कूली छात्र-छात्राओं ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

समारोह में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। शिवपुरी पब्लिक स्कूल अशोकनगर द्वारा पंजाब राजस्थान,तमिलनाडू एवं मध्यप्रदेश का सांस्कृतिक समूह नित्य, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत अरूणांचल प्रदेश, कश्मीर, गुजरात, तमिलनाडू और भारत के प्रसिद्ध नृत्य,गायत्री विद्या मंदिर द्वारा मैं अटल हूँ भारत,भारत यह रहना चाहिए, तारासदन हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वारा मेरा कर्मा तू मेरा धर्मा तू,मुस्कान पब्लिक स्कूल द्वारा तुससे ही तो जिंदा हूँ मैं गीत,एकेडमिक हाईटस स्कूल द्वारा अशोकनगर जिले की संस्कृति पर आधारित समूह नृत्य एवं स्वामी विवेकानंद स्कूल द्वारा चन्द्रयान और उत्तरकाशी की टनल पर आधारित समूह नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन पर किया पुरस्कृत

मुख्य अतिथि द्वारा जिले के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोक सेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में परेड में भाग लेने वाली टुकड़ियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर वर्दीधारी ग्रुप में होमगार्ड को प्रथम,विशेष सशस्त्र पुलिस बल को द्वितीय तथा जिला पुलिस बल पुरूष को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार गैर वर्दी धारी में शौर्य दल को प्रथम,राव माधव स्कूल स्काउट दल एवं लाड़ली लक्ष्मी क्लब को द्वितीय एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दल को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। झांकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर वन विभाग को प्रथम,महिला एवं बाल विकास विभाग को द्वितीय,जिला पंचायत अशोकनगर को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सांत्वना पुरूस्कार प्रदान किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए स्कूल सम्मानित हुए

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में एकेडमिक हाईटस पब्लिक स्कूल अशोकनगर को प्रथम,शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर को द्वितीय तथा मुस्कान पब्लिक स्कूल अशोकनगर को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले अन्य स्कूलों को सांत्वना पुरूस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रगान गायन करने वाले सरस्वती स्कूल की छात्राओं को पुरूस्कृत किया गया।

## महिला महासमिति ने आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच गणतंत्र दिवस का पर्व मनाया

**अशोकनगर।** श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा गणतंत्र दिवस उत्सव पूर्वक मनाया गया। यह आयोजन गौशाला स्थित आंगनवाड़ी में बच्चों के साथ ध्वजारोहण किया गया । तत्पश्चात सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय गीत बच्चों द्वारा गया गया और वंदे मातरम के नारे लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बच्चों द्वारा कुछ मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। सभी बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस मनाकर सभीबहनों को बहुत खुशी हुई एवं अपने आप को गर्व महसूस किया। सभी बहनों द्वारा आंगनबाड़ी में उपस्थित जरूरतमंद बच्चों को कपड़े,.मिठाई, स्टेशनरी आदि वितरण किये गए। गणतंत्र दिवस के साथ बालिका दिवस के उत्सव का भी आयोजन किया गया।



## टीएवी हायर सेकंडरी स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस



मुंगावली। गणतंत्र दिवस समारोह नगर के टीएवी स्कूल में मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम स्कूल संरक्षक ठाकुर महेंद्र सिंह के द्वारा झंडा वंदन किया गया कार्यक्रम के शुरुआत मे बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई साथ ही कई खेलकूद प्रतियोगिताएं भी कराई गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा मार्च पास्ट का प्रदर्शन एवं हाल ही में अयोध्या मे विराजमान हुए रामलाल जिनकी मनमोहक झांकी ने सभी अभिभावाको एवं अतिथियों का मन मोह लिया । इस वर्ष स्कूल में बच्चों द्वारा बहुत ही शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । इस मौके पर अतिथियों में स्कूल के अध्यक्ष डॉ प्रमोद जैन, जनपद पंचायत अध्यक्ष विजयलक्ष्मी जैन, डॉ वाय एस तोमर, डॉ अजय जाटव, डॉ महेश कुमार बरया एडवोकेट, अशोक कुमार जैन एडवोकेट, इनायत खान जमीदार सहित स्कूल सीईओ, पुनीत जैन, प्राचार्य स्नेहा डाबर एवं भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक विक्रम यादव और स्कूल के ही विद्यार्थी द्वारा किया गया,विशेष सहयोग के रूप में शिक्षक सागर सुमन दीपक अहिरवार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा,कार्यक्रम की व्यवस्था खेल प्रशिक्षक जावेद खान द्वारा की गई।

### गणतंत्र दिवस की संध्या पर हुआ भारत पर्व का आयोजन




**अशोकनगर।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर जिला मुख्यालय के स्थानीय माधव भवन अशोकनगर में लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व का आयोजन किया गया। भारत पर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में मोहम्मद रहीमुद्दीन और उनके 7 सदस्यीय दल द्वारा स्वराज गान दिल दिया है जान भी देंगे ए वतन तेरे लिए, ऐ मेरे वतन के लोगो जरा याद करो कुर्बानी, आओ हम देश बनाए, मेरी झोपडी के भाग्य खुल जायेंगे मेरे राम आयेंगे, भोले बाबा के भजन का गायन एवं मनीष यादव और उनके 15 सदस्य दल द्वारा आज दिन सोने को महाराज सोने का दिन और सोने की रात बधाई एवं बरेली लोक नृत्य एवं बुंदेलखंड लोकगीत पर प्रस्तुतियां दी गई।

### विकास प्रदर्शनी लगाई गई

भारत पर्व के कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग अशोकनगर द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं पर आधारित फोटो विकास प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वरी सक्सेना,मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान,गणमान्य नागरिकगण, पत्रकारगण व आमजन नागरिक उपस्थित थे।

## शहर में अनेक स्थानों के साथ शासकीय भवनों पर हुआ ध्वजारोहण




**अशोकनगर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर अषोकनगर शहर मे कई स्थानो पर ध्वजारोहण के आयोजन हुए। इन कार्यक्रमो मे अधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कलेक्ट्रेट कार्यालय पर ध्वजारोहण कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने किया। विधायक हरिबाबू राय ने शहर के गाधी चैक पर ध्वजारोहण किया। नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने नगरपालिका भवन पर ध्वजारोहण किया जबकि कृषि उपज मंडी कार्यालय पर ध्वजारोहण मंडी प्रषासक अनिल बनवारिया ने किया। इस मौके पर मंडी सचिव भागीरथ अहिरवार भी उपस्थित थे। पॉलीटेक्निक कालेज पर ध्वजारोहण प्राचार्य डॉ बृजेष कुमार गुप्ता ने किया। जबकि उत्कृष्ट विघालय पर ध्वजारोहण प्राचार्य बी के बामौरिया,कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल पर ध्वजारोहण प्राचार्य राजेष कुमार शर्मा ने किया,इन्द्रा पार्क पर कांग्रेस ने ध्वजारोहण किया। जबकि सुभाष गंज मे जैन एकता संघ द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएम राइज हायर सेकेण्डरी स्कूल पर ध्वजारोहण प्राचार्य यू एस तिवारी ,जिला अस्पताल भवन पर ध्वजारोहण सिविल सर्जन डॉ एस एस छारी द्वारा किया गया। रेल्वे स्टेषन ,सिटी कोतवाली,देहात थाना आदि स्थानो पर भी ध्वजारोहण के आयोजन हुए।



### इन स्थानों पर आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

शिवपुरी। आवश्यक रखरखाव कार्य किए जाने के लिए 33/11 केवी उपकेंद्र सुभाषपुरा से संबंधित क्षेत्र में 29 जनवरी को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। उक्त 33 केवी सुभाषपुरा फीडर के बंद रहने से 29 जनवरी को 10 से शाम 5 बजे तक 33/11 केवी उपकेंद्र सुभाषपुरा, सतनवाड़ा एवं धौलागढ़ से जुड़े समसत क्षेत्र तथा एचटी उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे।

### फोटो वायरल करने की धमकी, मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के नईसराय थाने के अंतर्गत एक 21 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम मढी निवासी एक युवक द्वारा उसके अष्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी जा रही थी। जिसके बाद युवती नईसराय पुलिस की शराण मे पहुची जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## दिनदहाड़े घर में घुसकर टाकी से किया वार, वृद्ध की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

थाना क्षेत्र के विक्रमपुर चैकी अंतर्गत कल विक्रमपुर गांव में दोपहर के 11 बजे एक घर में व्यक्ति घुसे और उसने घर के बाहर खाना खा रहे व्यक्ति को अंदर ले जाकर पत्थर फोड़ने वाली टाकी से मौत के घाट उतार दिया। दरअसल मामला विक्रमपुर चैकी के विक्रमपुर गांव का है जहां शनिवार दोपहर लगभग 11 बजे के करीबन तीन लोग गांव के ही जगदीश प्रसाद पुत्र बैजनाथ शर्मा उम्र 75 के घर पहुंचे जहां वह लोग बोलने वालों की अंदर चलो और अंदर ले जाकर इस वारदात को अंजाम दे दिया। बैजनाथ पिछले कई सालों से अकेले रहते थे और वह गाओ में ही छुटपुट पैसौ का लेनदेन करते थे जिसको लेकर गांव के लोग उनके पास आते-जाते बने रहते थे। लेकिन कल भी कुछ ऐसा ही हुआ जब



कुछ लोग जगदीश के घर पहुंचे तो परिजनों ने सोचा कि आज भी पैसों के लेनदेन के लिए लोग आए हैं लेकिन तब वह लोग अंदर काफी समय तक रहे फिर निकल कर एकदम बाहर की ओर भागे तो अंदर जाकर देखा तो मृत अवस्था में बुजुर्ग पड़ा हुआ था। तब मामले की सूचना चंदेरी थाने को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है और पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले की ईसागढ थाने की पुलिस ने ग्राम जोलन निवासी गुजेन्द्र सिहं सिख के पास 59 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की गई है। मूलचंद लोधी निवासी खिरियादेवत के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की गई है इसी प्रकार रामकृष्ण लोधी के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की गई है। कदवाया पुलिस ने ग्राम इंदार निवासी लखन चिढार के पास से 60 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की गई है। और चंदेरी पुलिस ने परमाल लोधी निवासी गोराकला के पास से 25 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की गई है।

### राजस्व विभाग के कार्यों से संबंधित कलेक्टर ने की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

## 'नामांतरण, बंटवारा व सीमांकन के प्रकरणों को प्राथमिकता से करें निराकरण'

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वप्रथम कलेक्टर द्वारा विगत दो विकासखण्ड में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मिले फीडबेक के आधार पर बिंदुवार राजस्व अधिकारियों को अवगत कराया गया। इस दौरान उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं बतायीं और कहा कि पटवारी और सचिव आपस में समन्वय बनाकर लंबित मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए विशेष प्रयास करें। इसी प्रकार रूटिन में फौती नामांतरण मामले में पटवारी इंतजार करते रहते हैं कि आवेदक आवेदन करें, ऐसी स्थिति न बने। यह सचिव और पटवारी की जिम्मेदारी है कि जिन लोगों की मृत्यु हो गयी है उसकी मृत्यु पंजी के आधार पर जानकारी प्राप्त कर उस परिवार से संपर्क कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराया जाए। इसी प्रकार सभी राजस्व अधिकारी फौती नामांतरण एवं बंटवारा की कार्यवाही समय पर करें। चौपाल के आयोजन से पूर्व संबंधित ग्राम का भ्रमण किया जावे। इसके पश्चात राजस्व विभाग से संबंधित कार्यो के एजेण्डा अनुसार बिंदुवार चर्चा की गयी। सभी राजस्व अधिकारी राजस्व महाअभियान के दौरान बी-1 का वाचन करा लें। इसमें गुना ग्रामीण एवं कुंभराज में लंबित प्रकरण हैं उनका शीघ्र निराकरण कराएं।

समीक्षा के दौरान तहसीलदार कुंभराज को निर्देशित किया गया कि पटवारी शारदा मीना अधिकतर मेडिकल अवकाश पर रहती हैं, उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर विभागीय जांच प्रस्तावित की जावे। इसके पश्चात समग्र, ई-केवायसी तथा समग्र से खसरे की लिंकिंग के संबंध में सभी राजस्व अधिकारी खाताधारकों का परिमार्जन कर लंबित ई-केवायसी कराना सुनिश्चित करें। सभी राजस्व अधिकारी नामांतरण प्रकरण, बंटवारा, सीमांकन एवं अभिलेख दुरूस्ती के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर अभियान चलाकर निराकरण करना सुनिश्चित करें। अनलिंक नक्शा (नक्शे में बंटवारा है परंतु खसरे में नहीं) आदि मामलों में प्रकरण दर्ज कर आपसी सहमति से खसरे में बटांकन किया जाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार तीन माह एवं छः माह से ज्यादा लंबित सीमांकन, बंटवारा एवं नामांतरण के लंबित प्रकरणों को भी प्राथमिकता से निराकरण की कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें। चांचौड़ा, गुना एवं आरोन के राजस्व अधिकारियों को बंटवारा प्रकरण की प्रगति में सुधार लाने के लिए पत्र लिखा जाना सुनिश्चित करें। जाफ्ता फौजीदारी प्रकरणों में धारा 110, 151 एवं 107, 116 आदि में बाउंड ओव्हर की कार्यवाही आगामी चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए प्रारंभ कर दी जाए। मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि योजना, सी0एम0 किसान कल्याण योजना आदि पर विस्तृत समीक्षा की गयी